लूट और महिला की हत्या करने वाले पांच बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

महिला की देवरानी के मुंह बोले भाई ने लूट के इरादे से करवाई वारदात

जयपुर (कासं)। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने लूट और महिला सरोज बंसल के हत्या करने वाले आरोपियों को टोंक से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि टोंक से जयपुर लाने के दौरान दो बदमाशों ने भागने का प्रयास किया। इससे एक बदमाश के पैर में फ्रैक्चर आ गया। इस पूरे मामले की योजना बनाने वाला मास्टर माइंट महिला की देवरानी का मुंह बोला भाई निकला। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विद्याधर नगर पुलिस ने लूट और महिला की हत्या के मामले में 45 वर्षीय गोपाल निवासी पुराना विधाधर नगर, 50 वर्षीय बजरंग लाल निवासी शास्त्रीनगर जयपुर, 47 वर्षीय दीन मोहम्मद निवासी झुन्झूनू हाल विधाधर नगर जयपुर, 23 वर्षीय लक्की निवासी बूंदी और 24 वर्षीय शाहरुख अंसारी उर्फ पुलिस निवासी बूंदी को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि एक बदमाश ने वारदात को अंजाम देने के लिए रेकी की थी। रेकी के बाद अपने दो साथियों को लूट के लिए भेजा था। घर के अंदर सरोज से झड़प हुई। महिला के शोर मचाया तो बदमाशों ने अपने हाथ से उसका मुंह-नाक दबा दिया। सांस नहीं ले पाने के चलते सरोज की मौत हो गई। दोनों बदमाश लूट का माल समेट कर वहां से फरार हो गए।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विद्याधर नगर पुलिस को गुरुवार शाम 7.30 बजे एक महिला सरोज बंसल की हत्या की सूचना उन्हें मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में सामने आया है कि घर से ज्वेलरी और नकदी भी गायब थी। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो संदिग्ध बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर आए थे। जो करीब आधे घंटे तक घर में रुके। पड़ोस में रहने वाले एक बच्ची ने नकाबपोश बदमाशों को सरोज बंसल के घर से निकलते देखा था। बच्ची के अपने मम्मी-पापा को बताया तो उन्होंने सरोज के पति गोविंद बंसल को सूचना दी। बंसल गुरूवार शाम साढे सात घर पर पहुंचे तो पत्नी सरोज बेहोश मिली। सरोज के बंधक हालत में मिलने पर पड़ोसियों की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया। महिला के शरीर पर गंभीर चोट के निशान नहीं मिले है। सरोज के एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी। पति गोविंद बंसल छोटे भाई की स्टेशनरी की दुकान पर रहते हैं।

विद्याधर नगर पुलिस ने लूट और मर्डर की वारदात करने वाले बदमाशों को टोंक से गिरफ्तार किया।

लूट-हत्या के लिए किराये पर बुलाए बदमाश

लूट व हत्या की वारदात को अंजाम देने के लिए मास्टर माइंट गोपाल उनके साथियों ने किराए पर बदमाश बुलाने की योजना बनाई थी। तीनों मास्टर माइंड को धंधों में लाखों रुपए का कर्जा हो गया था। मास्टर माइंड गोपाल ने स्वयं की मुहं बोली बहिन की देवरानी के मकान का दो बदमाशों को टारगेट दिया था। गोपाल को उसके मकान में लाखों रुपए नकद, सोने की ईंट व ज्वेलरी होने का अंदेशा था। आरोपियों से पूछताछ में मुख्य आरोपी गोपाल शर्मा,बजरंग लाल व दीन मोहम्मद के स्वयं के व्यापार में घाटा होने पर लगभग एक साल पूर्व ही प्लान कर लिया गया था। लूट व हत्या की वारदात को स्वयं द्वारा अंजाम न देकर किराए पर बदमाशों को बुलाकर घटना को अंजाम देना तय किया गया था। प्लान के तहत जिला बूंदी से दो बदमाश बुलाकर सोलह जनवरी की दोपहर के समय घर में अकेली रहने वाली वृद्ध महिला की हत्या कर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। हत्या और लूट की वारदात के बाद वारदात को अंजाम देने वाले मुलजिम रोडवेज बस से फरार हो गए थे। आरोपियों से लूटे गए सामान की बरामदगी के प्रयास जारी है। आरोपी घर से 2.5 लाख रुपए व आलमारी से जेवरात और महिला द्वारा पहले टॉप्स, हाथों की चूड़ियां, अंगूठी, गले से सोने की चेन ले गए थे।

- **मास्टर माइंड सहित तीन लोगों को कारोबार में हुआ था घाटा, इसकी भरपाई के लिए एक साल पहले रची थी योजना**

सी.सी.टी.वी. फुटेज से किया ट्रेस आउट

थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि हत्या कर भागे दोनों बदमाशों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रेस आउट किया गया। पुलिस टीम ने करीब छह घंटे में दोनों बदमाशों को टोंक से पकड़ लिया है। टोंक से जयपुर लेकर आने के दौरान दोनों बदमाशों ने रास्ते में टॉयलेट जाने के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया। रास्ते में दोनों बदमाशों ने भागने की कोशिश की। पीछा कर पकड़ने के दौरान दोनों बदमाश गड्ढे में गिर गए। इससे दोनों बदमाशों के एक-एक पैर में फ्रैक्चर हो गया। घायल दोनों बदमाशों को कांवटिया हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। डॉक्टर ने दोनों घायल बदमाशों को एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया। पुलिस इलाज के बाद जल्द ही दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर पूछताछ करेगी।

वारदात के बाद पुलिस ने घटना स्थल सहित आस-पास के करीब 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उनकी धरपकड़ के लिए योजना बनाई गई। वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को मेहंदवास टोंक से अरेस्ट किया गया। बाकी अन्य बदमाशों को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पकड़ा है। सीसीटीवी कैमरों के विश्लेषण से मुलजिमान को चिन्हित कर तकनीकी आधार पर लूट व हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को तकनीकी आधार पर मेंहदवास टोंक से रोडवेज बस से गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ के बाद इस वारदात की प्लानिंग करने वाले तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

तबादला होने के बाद भी इंजीनियर्स का जे.डी.ए. से मोह नहीं छूट रहा!

- **अभी तक रिलीव नहीं हुए 4 अफसर, दुबारा उसी सीट पर टिकने के जुगाड़ बैठाने में जुटे**
- **उधर दूसरे विभागों से स्थानांतरित होकर आए पांच नए इंजीनियर्स को विभाग कार्यभार नहीं सौंप रहा**

जयपुर (कासं)। तबादला होने के बाद भी जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) से स्थानांतरित हो चुके इंजीनियर्स का मोह नहीं छूट रहा है। उच्चाधिकारियों ने ट्रांसफर हो चुके अफसरों को अभी तक रिलीव नहीं किया है। टाइम लेने के बहाने जे.डी.ए. के ये इंजीनियर्स अपना तबादला रद्द करवाने के जुगाड़ में लगे हुए हैं। इस बीच जेडीए में दूसरे विभागों से आए इंजीनियर्स को अभी तक कार्यभार नहीं सौंपा गया है। ज्ञात रहे कि जे.डी.ए. से 4 इंजीनियर्स का तबादला किया गया है और 5 नए इंजीनियर्स अन्य विभागों से स्थानांतरित होकर आए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, जे.डी.ए. से तबादला हो चुके चार एक्सईएन में तरूण सिंघल, प्रतीक जैन, पंकज कुमार और मनोज दुबे है। इनमें सबसे ज्यादा शिकायतें जोन 7 के एक्सईएन तरूण सिंघल की थी। घटिया काम करना और बिल उठाने, बनी हुई सड़क को दुबारा बनाने की सबसे ज्यादा शिकायतें जोन-7 की मिली थी। जेडीए आयुक्त आनंदी ने इनको कई बार चेतावनी भी दी थी लेकिन उसे गंभीरता से नहीं लिया गया। इसके बाद ये शिकायतें नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के पास पहुंची तो उन्होंने कार्रवाई कर दी। अब सिंघल समेत यह चारों इंजीनियर अपने तबादले को किसी तरह निरस्त कराने में लगे हुए हैं। हैरानी की बात यह है कि दूसरे विभागों से स्थानांतरित होकर 5 नए इंजीनियर्स भी जे.डी.ए. में आ चुके हैं, इसके बावजूद विभाग तबादला हो चुके इन चारों इंजीनियर्स को रिलीव नहीं कर रहा।

सूत्रों की मानें तो इन इंजीनियर्स का जे.डी.ए. से मोह इसलिए नहीं छूट रहा है, क्योंकि अभी तक इनके जोन में करोड़ों रु. के काम फिलहाल चल रहे हैं। अगर जोन-7 की बात करें तो यहां पर वर्तमान में 100 करोड़ रु. से ज्यादा के काम लंबित है। इसके अलावा दूसरे अन्य कार्य भी होने है। जेडीए में इंजीनियर्स की कमी है। इस कमी को आधार बना कर इंजीनियर्स ने इस तबादले का विरोध कर रहे है। उधर जयपुर अन्य विभागों से प्रतिनियुक्ति पर आए इंजीनियरों का जेडीए से मोह नहीं छुट रहा है। आवासन मंडल से प्रतिनियुक्ति पर जेडीए में आए एक्सईएन मनोज दुबे को भी जे.डी.ए. से रिलीव किया जा चुका है, लेकिन उन्हें भी जेडीए का मोह बांधे हुए है।

सरकारी राजस्व और कर संग्रह को सरल बनाना एक क्रांतिकारी कदम : जो फ्रांसिस

नई दिल्ली । आईआईटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जो फ्रांसिस और गार्डियन डेमोक्रेटिक फोरम के अध्यक्ष फ्रांसिस जोसेफ (सनी) के साथ जोबिन जेरोम (इस सम्पूर्ण आर्थिक फार्मूले के आविष्कारक) ने भारत सरकार के साथ एक ऐतिहासिक आर्थिक और वित्तीय मॉडल को लागू करने की दिशा में एक कदम बढ़ाया है। यह मॉडल सरकारी राजस्व और कर संग्रह को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ नागरिकों के लिए आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने का उद्देश्य रखता है। इस मॉडल का लक्ष्य अस्थिरता का कारण बनने वाले आर्थिक चक्रों की पुनरावृत्ति को रोकना, बचत को बढ़ावा देना और जनसंख्या की आर्थिक स्थिति को सुधारना है।

नए आर्थिक और वित्तीय मॉडल के प्रमुख उद्देश्य आर्थिक चक्रों की पुनरावृत्ति को रोकना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना, शून्य गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ (एनपीए), आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देना, बैंक असली वित्तीय सुपरमार्केट बनेंगे, सरकारी राजस्व में वृद्धि, सभी क्षेत्रों के लिए वित्तीय सुरक्षा हेतु ग्रामीण कस्टमाइज्ड ऑटो बैंकिंग है। इस मॉडल का आधार "विस्तारित किफायती सीमाओं का सिद्धांत" है, जो कृत्रिम रूप से प्रभावित बाजार परिदृश्यों के अध्ययन से व्युत्पन्न है। यह दर्शाता है कि योजनाबद्ध और अनुमत क्रेडिट विस्तार किस प्रकार आर्थिक मूल सिद्धांतों को बदल सकता है, और यह एक ऐसा गणितीय ढांचा तैयार करता है, जो वित्तीय अस्थिरता को रोकता है।

पावरग्रिड ने डीडवाना जिला अस्पताल को भेंट की एंबुलेंस

जयपुर । पावरग्रिड द्वारा कॉरपारेट समाजिक उतर दायित्व के तहत (सीएसआर) जिला डीडवाना को 2 एंबुलेंस वाहन दिए गए हैं। जिसमें से एक एंबुलेंस जिला चिकित्सालय डीडवाना तथा राजकीय उपजिला चिकित्सालय लाडनुं को पॉवरग्रिड के अभिनव वर्मा मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी राजस्थान प्रोजेक्टस) के द्वारा कलक्टर डीडवाना-कुचामन पुखराज सेन को भेंट की गई। यह जिले का पहला एडवांस लाईफ सर्पोट एम्बुलेंस है, जिसमें उन्नत चिकित्सा उपकरण मौजूद है। इस एम्बुलेंस से डीडवाना-कुचामन जिले के लाडनूं और डीडवाना तहसीलों के लगभग 3 लाख आमजनता को लाभन्वित करेगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर डीडवान महेन्द्र कुमार मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डीडवान नरेन्द्र चौधरी, उपखण्ड अधिकारी विकास मोहन भाटी, प्रमुख चिकिसा अधिकारी श्रवण कुमार, तहसीलदार लाडनूं अनिरूद्ध देव, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी लाडनू चैना राम चौधरी और अन्य अधिकारियों के साथ-साथ पॉवरग्रिड के मुख्य महाप्रबंधक संजय सिन्हा, वरिष्ठ महाप्रबंधक उदयकुमार, वरिष्ठ महाप्रबंधक वी.सरवणन, महाप्रबंधक पीनाकी दता, वरि. उपमहाप्रबंधक जसवंतसिंह, उपमहाप्रबंधक संजय कुमार यादव, उपमहाप्रबंधक जितेंन्द्र मीणा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम) एक महानवरत्न कम्पनी है। वर्तमान पावरग्रिड द्वारा राजस्थान के जिला डीडवाना, सीकर, बीकानेर, फलौदी होते हुए तीन लाईनों का निर्माण किया जा रहा है, जो भादला से शुरू होकर सीकर तक जा रही है।

नाबालिग ने किया आत्महया का प्रयास

जयपुर । ब्रह्मपुरी इलाके में पडौसी की गंदी हरकत से परेशान नाबालिग लड़की के फिनायल पीकर आत्महया करने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी के अनुसार आरोपित भी नाबालिग बताया जा रहा है और बातचीत बंद करने पर जान से मारने के लिए धमकाया। इस संबंध में नाबालिग पीड़िता की मां ने थाने मामला दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी ईश्वर चन्द्र ने बताया कि ब्रह्मपुरी निवासी महिला ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी पन्द्रह वर्षीय बेटी के साथ पडौस में रहने वाले नाबालिग लड़के ने गंदी हरकतें की। आरोप है कि लड़के के पडौसी होने के कारण नाबालिग बेटी से बातचीत होती रहती थी। जून-2024 में आरोपी लड़के ने नाबालिग बेटी से दोस्ती कर ली। दोस्ती के नाम पर नाबालिग बेटी के साथ गंदी हरकतें करता था। उसके बाद नवम्बर-2024 में आरोपी ने बातचीत बंद कर दी। नाबालिग बेटी को धमकाया- कि कहीं जाकर मर जा। उससे आहत होकर नाबालिग बेटी ने घर पर फिनाइल पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर नाबालिग बेटी को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। इलाज के बाद नाबालिग पीड़ित को हॉस्पिटल से छुट्टी मिलने के बाद नाबालिग पीड़िता की मां ने आरोपित पडौसी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

पार्किंग की समस्याओं को लेकर लामबद्ध हुए ठेकेदार

जयपुर पार्किंग एसोसिएशन के संरक्षक मोहम्मद सफी कुरैशी, अध्यक्ष मनोज सिंह गोतोड, उपाध्यक्ष डॉ. गणेश शर्मा और महामंत्री अजय सिंह ने हैरिटेज निगम की राजस्व उपायुक्त निधि सिंह को ज्ञापन सौंपा।

जयपुर । नगर निगम हैरिटेज में जयपुर पार्किंग एसोसिएशन के संरक्षक मोहम्मद सफी कुरैशी, अध्यक्ष मनोज सिंह गोतोड, उपाध्यक्ष डॉ. गणेश शर्मा, महामंत्री अजय सिंह चौहान एवं अन्य पार्किंग ठेकेदारों ने उपायुक्त राजस्व प्रथम निधि सिंह से मुलाकात कर ई-ऑक्शन शर्तों में परिवर्तन करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

अध्यक्ष मनोज सिंह गोतोड़ और उपाध्यक्ष डॉ. गणेश शर्मा ने बताया कि ज्ञापन में कुल 15 शर्तों पर चर्चा हुई, जिसमें से 4 से 5 शर्त उपायुक्त राजस्व प्रथम निधि द्वारा परिवर्तन करने का आश्वासन दिया गया। उपायुक्त राजस्व प्रथम ने कहा कि वर्तमान में ई-ऑक्शनों को निरस्त नहीं किया जाएगा और ई-ऑक्शन दिनांक को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। जिस दिन का ऑक्शन है, उसी दिन ही प्रक्रिया करवाई जाएगी। इसके विरोध में जयपुर पार्किंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह व सभी पार्किंग ठेकेदारों ने महापौर कुसुम यादव और आयुक्त अरूण कुमार हसीजा को ज्ञापन देने और वर्तमान ई-ऑक्शन का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है, और कहा है कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी, तब तक एसोसिएशन का कोई भी ठेकेदार निविदा में भाग नहीं लेगा।

जाट समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 19 को

जयपुर । राजधानी जयपुर में 19 जनवरी को वीर शिरोमणी महाराजा सूरजमल अंतर्राष्ट्रीय जाट प्रतिभा सम्मान समारोह एवं जाट महिला राष्ट्रीय कब्बडी प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक वीरेन्द्र चौधरी ने बताया कि यह कार्यक्रम रविवार को जयपुर में कालवाड़ रोड स्थित हाथोज में न्यू हवाई जहाज वाटर पार्क सीसी लिंक रोड बालाजी सागर-15 में सुबह 9 बजे से शुरू होगा। इसमें राजस्थान में पहली बार जाट महिलाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है और जिसमें राजस्थान, हरियाणा, पंजाब एवं मध्यप्रदेश के जाट महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें 14 से 40 वर्ष की उम्र के खिलाड़ी शामिल होंगे। जाट समाज की महिलाओं के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 31 हजार, द्वितीय पुरस्कार के लिए 21 हजार एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जायेगा।

चौधरी ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में जाट समाज की महिलाएं जो सरकारी नौकरी में है, उन्हें शिरोमणि महाराजा सूरजमल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। जाट समाज से अधिकारियों एवं कर्मचारियों, समाज की बच्चियां जिन्होंने दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में 85 प्रतिशत एवं इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं समेत स्कूल निदेशकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

सार-समाचार

विधिक चेतना समिति की बैठक आयोजित

जयपुर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश श्रीमाली की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला विधिक चेतना समिति जयपुर महानगर द्वितीय की गठन के पश्चात प्रथम मीटिंग हुई। समिति की पदेन सचिव पल्लवी शर्मा ने मीटिंग को संबोधित करते हुए चेतना समिति के द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यो के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। बैठक में अध्यक्ष एवं सदस्यों ने रालसा के एक्शन प्लान के तहत माह जनवरी-मार्च 2025 के दौरान आयोजित होने वाले जागरूकता कार्यक्रम एवं विशेष कार्यदिवसों के बारे में रूपरेखा के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। समिति द्वारा मध्यस्थता में रैफरल बढ़ाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए, पैनल अधिवक्तागण एवं पैरा लीगल वॉलेन्टीयर्स के संबंध में, पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत आने वाले प्रार्थना-पत्रों आदि के बारे में विचार-विमर्श किया गया। मीटिंग में बी.पी.चन्देल, संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, संदीप लुहाडिया, अध्यक्ष, जिला बार एसो., पदेन सदस्य, बलराम मीणा, शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता, अनु.जन. सदस्य, रामधन, अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता, अनु.जा. सदस्य, नीलम मित्तल, स्वयं सेवी कार्यकर्ता महिला सदस्य, डॉ. आशा लता, सामा. कार्य. एवं पूर्व मीडिया प्रवक्ता सदस्य, श्री रामदेव उपाध्याय, अधिस्वीकृति पत्रकार गजेन्द्र ज्ञानपुरिया, सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य आदि उपस्थित रहे।

'लेट्स ग्रो टुगेदर' कार्यक्रम आयोजित

जयपुर । इनोवेशन, मोटिवेशन और कोलैब्रेशन का जश्न मनाने के उद्देश्य से लेट्स ग्रो टुगेदर: विमेन एंटरप्रेन्योर्स मीट का आयोजन जयपुर में आज ऑलमाइटी इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव, वेडवाह और मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जयपुर में टोंक रोड स्थित, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स स्टोर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न इंडस्ट्री से जुड़े विमेन और बिज़नेस लीडर्स, इनोवेटर्स और उभरते हुए विमेन एंटरप्रेन्योर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजक, डॉ. मेघा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विमेन एंटरप्रेन्योरशिप और इनोवेशन को प्रमोट करना था। आयोजन उन सभी विमेन बिज़नेस लीडर्स के लिए एक अनोखा अवसर था जो प्रेजेंट बिज़नेस लैंडस्केप में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की इच्छा रखते हैं। यह मंच पार्टिसिपेंट्स को न केवल इंस्पायर करने बल्कि उनके विचारों को साझा करने और नेटवर्किंग के माध्यम से नए अवसरों की खोज करने का मौका प्रदान करना था।

साली ने लगाया जीजा पर दुष्कर्म का आरोप

जयपुर । करधनी इलाके में एक जीजा के साली से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। एक शादी में शामिल होने के लिए वह जयपुर आई हुई थी। जीजा ने घर में रुकने के दौरान रात में सोते समय जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी जीजा ने उसे मारने की धमकी दी। इस संबंध में करधनी थाने में पीड़िता ने आरोपी जीजा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। थानाधिकारी हरीश चन्द सोलंकी ने बताया कि झुंझनू निवासी तीस वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि वह एक शादी में शामिल होने के लिए जयपुर आई थी। शादी में आने के दौरान करधनी इलाके में रहने वाली बुआ की बेटी के घर रुकी थी। आरोप है कि आठ जनवरी की रात को वह बहन के साथ सो रही थी। रात के समय सोते समय आरोपी जीजा ने मुंह दबाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। इस बारे में किसी को बताने पर अंजाम बुरा होने की धमकी देकर चला गया। परिजनों के पास लौटने के बाद पीड़िता ने आरोपी जीजा की करतूत के बारे में बताया। इसके बाद पीड़िता ने आरोपित जीजा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

मोबाइल-पर्स चुराने वाले बदमाश पकड़े

जयपुर । विधायकपुरी थाना पुलिस ने वाहन चालकों का ध्यान भटका कर वाहनों से महंगे मोबाइल और पर्स चोरी करने वाली मेरठ उत्तर प्रदेश की गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी के आईफोन, ओप्पो और सैमसंग कंपनियों के 12 महंगे मोबाईल फोन बरामद किए है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनन्द ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने वाहन चालकों का ध्यान भटका कर वाहनों से महंगे मोबाइल और पर्स चोरी करने वाली मेरठ उत्तर प्रदेश गैंग के शातिर बदमाश पप्पू चांद (43) और अजीम (38) को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित मेरठ (यूपी) के रहने वाले है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित मेरठ उत्तर प्रदेश से आकर जयपुर में ट्रैफिक बत्ती व ट्रैफिक जाम वाले स्थानों पर वाहन चालकों से झगडा कर ध्यान भटका कर कार के अंदर से महंगे मोबाइल, पर्स व अन्य सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। चुराए गए मोबाइल को एलुमिनियम फॉल में लपेटकर रखते थे, ताकि मोबाइल का नेटवर्क काम नहीं करे। वारदात के बाद शहर के सस्ते होटल में रुकता है और 8-10 वारदात कर वापस लौट जाते।

आई.पी.एस. हेमंत शर्मा की फोटोग्राफी एग्जीबिशन "क्षितिज-द होराइज़न" शुरू

जयपुर (कासं)। प्रकृति के अकूत सौंदर्य, जनजीवन की अकुलाहट, शहरों की गहमागहमी, जीवन के आंतरिक सौंदर्य और वास्तुशिल्प की बारीकियों को तस्वीरों में बेहद खूबसूरती से दर्शाया गया। कुछ ऐसा ही नजारा था वरिष्ठ अधिकारी आई.पी.एस. हेमंत शर्मा की पहली एकल फोटोग्राफी एग्जीबिशन "क्षितिज-द होराइज़न" के आयोजन का।

जवाहर कला केन्द्र के सुदर्शन आर्ट गैलरी में शुक्रवार से आयोजित हुई इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में पुलिस महानिदेशक (सेवानिवृत्त) उमेश मिश्रा, जीएसटी प्रधान आयुक्त चेतन जैन, आयकर विभाग महानिदेशक रेनू अमिताभ, मानवधिकार आयोग के सदस्य अशोक गुप्ता व वंडर होम फाइनेंस के प्रबंध निदेशक और सीईओ संजय राजावत ने शिरकत की।

वर्तमान में एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर कार्यरत हेमंत शर्मा को फोटोग्राफी से गहरा लगाव रहा है। इसी वजह से, देश के व्यापक भ्रमण के साथ-साथ यूनाइटेड नेशन्स शांति मिशन, अमेरिका, यूरोप और अफ्रीका में महत्वपूर्ण सेवाकाल के दौरान भी, उन्होंने प्रकृति, जनजीवन और शहरों के अद्भुत नजारों को अपने कैमरे में कैद किया। प्रकृति के नजारों को तीसरी आंख से देखने का उनका जुनून उन्हें अपनी व्यस्ततम दिनचर्या के बाद भी कैमरा हाथ में लेने को प्रेरित करता रहा। दुनिया को देखने का उनका अनूठा नजरिया उन्हें इस शौक से जोड़े रखता है। अपने फोटोग्राफी पैशन की शुरुआत के बारे में बात करते हुए आईपीएस हेमंत शर्मा ने बताया कि फोटोग्राफी मेरे लिए एक व्यस्त जीवन में मेडिटेशन की तरह है। सिलीसेढ़ झील की खूबसूरती को कैमरे में कैद कर मेरा फोटोग्राफी की ओर रुझान बढ़ा। जिसके बाद यूएन असाइनमेंटस के दौरान विदेशी लैंडस्केप को करीब से देखा और फोटोग्राफी की ओर पैशन गहराया। करीब 24 साल के फोटोग्राफी अनुभव के साथ, मैंने विभिन्न शैलियों का अन्वेषण किया है।



जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल शुरू

जयपुर (कासं)। पांच दिवसीय जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) 2025 के 17वें संस्करण का शुक्रवार को रेड कार्पेट रंगारंग आगाज शुक्रवार शाम यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में हुआ।

देवारा भाग-1 और माई मेलबोर्न ने सर्वाधिक पुरस्कार जीते । राजस्थान से शांति निकेतन को सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार मिला। सिनेमा की उत्कृष्टता के जश्न के साथ 21 जनवरी तक चलने वाले इस फेस्टिवल की ओपनिंग सेरेमनी में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड किंग ऑफ रोमांस यशराज चौपड़ा को दिया गया। यह सम्मान उनके पौत्र ऋषभ चौपड़ा ने ग्रहण किया। इस अवसर पर ऋषभ ने कहा कि मेरे दादा स्वर्गीय यशराज चौपड़ा का सिनेमा के प्रति जुनून और उनका योगदान आज भी हमें प्रेरित करता है। यह अवॉर्ड उनकी यादों और उनकी अनमोल विरासत को सजीव करता है। मैं जिफ का आभारी हूं, जिसने यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें दिया। जिफ के पहले दिन पुरस्कार वितरण समारोह में सिनेमा जगत के प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया गया।

इस साल 48 देशों की नामांकित 240 फिल्मों में से 70 उत्कृष्ट फिल्मों को 98 पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर फिल्म उद्योग के प्रमुख हस्तियां, निर्माता, निर्देशक और सिनेप्रेमी मौजूद रहे। रेड कार्पेट और उद्घाटन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खास आकर्षण रहा। जिफ के फाउंडर, डायरेक्टर हनुरोज ने बताया कि इस साल से रेड कार्पेट उद्घाटन समारोह की नई परंपरा शुरू की गई है। इसमें 100 से अधिक सेलिब्रिटिज और देश-विदेश के प्रतिष्ठित फिल्मकार हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य अतिथि की अवधारणा को समाप्त कर फिल्म उद्योग और उसके योगदान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

ओपनिंग सेरेमनी का मुख्य आकर्षण रेड कार्पेट रहा, जिस पर देश विदेश के फिल्मकारों ने वॉक किया। रेड कार्पेट पर विशेष अतिथियों में दक्षिण भारतीय अभिनेत्री देवयानी, ऑस्कर विजेता मार्क बाशिएट (फ्रांस), ऑस्ट्रेलियन एक्टर एंड्रयू वायल, बांग्लादेश की एक्ट्रेस सोहाना सबा, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार (फीचर फिल्म) विनर आकांक्षा पाल (नाते) रहीं। जिफ की ओपनिंग सेरेमनी जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) का उद्घाटन समारोह सांस्कृतिक गतिविधियों से सराबोर रहा। पं. चंद्रमोहन भट्ट के निर्देशन में सितार, गायन और तबला की सुरीली जुगलबंदी खास रही।

जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार को पांच दिवसीय फिल्म फेस्टिवल 'जिफ' का रंगारंग आगाज हुआ।